जागरण

# यूपी का अंतरराष्ट्रीय साझेदार बनना चाहता है यूके, ब्रिटेन के उच्चायुक्त ने सीएम योगी को लिखे बधाई संदेश में दिया प्रस्ताव

Author: **Umesh Tiwari**
Publish Date: Mon, 28 Mar 2022 12:11 AM (IST) | Updated Date: Mon, 28 Mar 2022 12:11 AM (IST)



ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस ने सीएम योगी को भेजे गए पत्र में कहा कि 2021 में भारत और यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्रियों के बीच संबंधों के मद्देनजर हुई सहमति के 10 वर्ष के रोडमैप के अनुसार यूनाइटेड किंगडम उत्तर प्रदेश के लिए एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय साझेदार बनना चाहता है।

लखनऊ [राज्य ब्यूरो]। भारत में ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस ने योगी आदित्यनाथ के दोबारा उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री चुने जाने के लिए पत्र भेजकर बधाई दी है। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने यह प्रस्ताव भी भेजा है कि यूनाइटेड किंगडम (यूके), उत्तर प्रदेश का अंतरराष्ट्रीय साझेदार बनना चाहता है। साथ ही साक्ष्य संग्रह, फोरेंसिक, साइबर सहित प्रदेश की सुरक्षा क्षमता के विकास में सहयोग की इच्छा जताई है।

ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस ने रविवार को भेजे गए पत्र में उल्लेख किया है कि वर्ष 2021 में भारत और यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्रियों के बीच आपसी संबंधों के मद्देनजर हुई सहमति के 10 वर्ष के रोडमैप के अनुसार, यूनाइटेड किंगडम उत्तर प्रदेश के लिए एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय साझेदार बनना चाहता है। मुख्यमंत्री और उनके बीच हुई पिछली मुलाकात के दौरान उत्तर प्रदेश और यूनाइटेड किंगडम के बीच व्यापार व निवेश बढ़ाने को लेकर जो विचार-विमर्श हुआ था, उस पर वे काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सुरक्षा और पुलिस आधुनिकीकरण के संबंध में उन्होंने लिखा है कि सितंबर, 2021 में 'उत्तर प्रदेश-यूनाइटेड उद्योग पुलिस आधुनिकीकरण संगोष्ठी' हो चुकी है। उस पर आगे काम किया जा सकता है, ताकि आधुनिक साक्ष्य संग्रह, फोरेंसिक और साइबर सहित सुरक्षा क्षमता विकसित करने में यूपी का सहयोग किया जा सके।

एलेक्स ने कहा है कि वे यूके और उत्तर प्रदेश के बीच अनुसंधान संबंधों की शक्ति को भी उजागर करना चाहते हैं। यूके रिसर्च एंड इनोवेशन (यूकेआरआइ) ने पिछले बारह वर्षों में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय सहित प्रदेश के विभिन्न संस्थानों में 4.3 मिलियन पाउंड से अधिक का वित्त पोषण किया है। लंदन स्कूल आफ इकोनामिक्स आपसी आर्थिक विकास और समृद्धि को बढ़ाने के लिए डिजिटल उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र पर आइआइटी कानपुर के साथ सहयोग कर रहा है।

उन्होंने बताया कि पिछली बैठक के बाद से एजेंडा के कई बिंदुओं पर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। ब्रिटिश काउंसिल द्वारा प्रदान किए गए 'दोस्तों के साथ अंग्रेजी सीखें' डिजिटल लर्निंग संसाधनों के माध्यम से 750 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की छात्राओं ने सामयिक शब्दावली सीखी है और संवादात्मक अंग्रेजी में अपनी क्षमता विकसित करने वाले सरल संवादों और वाक्यांशों का उपयोग करके तुरंत इसका अभ्यास किया है।

पत्र में बताया गया है कि दक्षिण एशिया के लिए यूके सरकार के व्यापार आयुक्त एलेन गेमेल और भारत में ब्रिटेन की उप उच्चायुक्त जेन थाम्पसन उत्तर प्रदेश सरकार के नए मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ परिचयात्मक बैठकों के लिए जल्द ही लखनऊ आएंगे।

ब्रिटिश उच्चायुक्त ने मेरठ में हाल ही में मेजर ध्यानचन्द खेल विश्वविद्यालय बनाए जाने स्वागत किया है। कहा कि इसके माध्यम से खेलों के लिए अवसर बढ़ेंगे। खेलों में सफलता के लिए तंत्र और संरचनाओं में यूके की विशेषज्ञता साझा की जा सकती है।